कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-08.04.2025

विषय:- नेग मांगने के बहाने झाँसा देकर महिला का मंगलसूत्र लेकर चले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त परीक्षित पटेल थाना चोलापुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद गले का मंगलसूत्र बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0126/2025 धारा 316(2),318(4),317(2),3(5) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त परीक्षित पटेल पुत्र राजकुमार पटेल निवासी अमउत थाना सिन्धौरा जनपद वाराणसी को दिनांक-07.04.2025 को समय करीब 21.38 बजे मुर्दहा पाही गाँव थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से 01 अदद गले का मंगलसूत्र व 01 अदद मो0सा0 के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 06.04.2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने मो0 साइकिल सवार तीन व्यक्तियों द्वारा नाच-गाकर नेग मांगने के लिए वादिनी से बातों-2 में उनका मंगलसूत्र मांग लेने तथा मौके से मंगलसुत्र लेकर भाग जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 प्रदीप सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त परीक्षित पटेल ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मंगलसूत्र मैंने तथा मेरे अन्य 02 साथियों ने मिलकर मुर्दहा पाही गाँव से कल दिनांक 06.04.2025 को दोपहर के समय एक महिला के घर जाकर उसे झांसा देकर यह मगंलसूत्र पुनः वापस करने की बात बताकर हम लोग लेकर चले गए थे। उक्त माल को बेचकर हम लोगों ने आपस में बराबर-2 बाँटने हेतु रखा था। मैं कल से घर नहीं जा पाया था और आज घर जाने वाला था कि आप लोगों ने रास्ते में ही मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
परीक्षित पटेल पुत्र राजकुमार पटेल निवासी अमउत थाना सिन्धौरा जनपद वाराणसी, उम्र करीब 30 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद गले का मंगलसूत्र पीली धातु लॉकेट काली मोती की लड़ी लगी हुई माला व 01 अदद मो0सा0 हीरो स्पैलन्डर प्लस UP65 FB 8096 को सीज किया गया।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

मुर्दहा पाही गाँव थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-07.04.2025 को समय करीब 21.38 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0126/2025 धारा 316(2),318(4),317(2),3(5) बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 प्रदीप सिंह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- हे0का0 महेन्द्र यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 नमोनरायण पाण्डेय थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- हे0का0 विवेक पासवान थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5- हे0का0 दिनेश यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6- का0 अजय यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।